स्तन कैन्सर के प्रकार

स्तन कैन्सर के अलग–अलग प्रकार हैं। आपके स्तन कैन्सर के प्रकार को जान लेना आपके डॉक्टर को आपका इलाज करने में सहायक सिद्ध होता है।

डक्टल कार्सिनोमा इन सीटू (DCIS) यह स्तन कैन्सर की सबसे प्राथमिक अवस्था है। इस विषय पर हमारे पास एक अलग पुस्तिका उपलब्ध है। डीसीआईएस में स्तन में वाहिकाओं में कैन्सर के कोश पाए जाते हैं (चित्र देखें)। किन्तु यह कोश सीमित भाग में होते हैं और स्तन के सामान्य कोशों तक नहीं पहुँचे होते। इसका निदान मॅमोग्राम से हो जाता है जब महिलाएँ परीक्षण करवाती हैं।

लोब्युलर कार्सिनोमा इन सीटू (LCIS) आक्रमक स्तन कैन्सर का अर्थ है कि कैन्सर के कोश वाहिकाओं के बाहर आसपास के स्तन के कोशों पर हमला कर चुके हैं।

लोब्यूलर कार्सिनोमा इन सीटू (एलसीआईएस) स्तन कैन्सर नहीं है, यद्यपि इसके नाम से भ्रम हो सकता है। दुग्धग्रंथियों की पेशीस्तर कोशों में परिवर्तन, जो स्त्री के भावी जीवन में स्तन, कैन्सर होने के खतरे की संभावना को दर्शाता है। परन्तु अधिकतर महिलाएँ लोब्यूलर कार्सिनोमा इन सीटू होने पर कैन्सर से पीड़ित नहीं होती। उन्हें नियमित रूप से स्तन के परीक्षण (जाँच) एवं मेमोग्राम (स्तन का एक्स–रे) करवाने पड़ते हैं। हमारे पास एलसीआईएस के विषय में जानकारी उपलब्ध है।

तेजी से फैलने वाला (इन्वेसिव) स्तन कैन्सर

तेजी से फैलने वाला (इन्वेसिव) स्तन कैन्सर का अर्थ है कि कैन्सर कोश दुग्धग्रंथियों एवं नलिकाओं की परत (Lining) के बाहर और स्तन टिशू (उत्तकों) के चारों ओर फैल गया है।

इन्वेसिव डक्टल ब्रेस्ट कैन्सर

ज्यादातर आक्रामक स्तन कैन्सर (80%) स्तनोंकी वाहिनियों में शुरु होते हैं।

इन्वेसिव लोब्युलर ब्रेस्ट कैन्सर

लगभग 10% आक्रामक स्तन कैन्सर स्तनों की ग्रंथियों में शुरु होते हैं। इस प्रकार के कैन्सर के बढ़ने के प्रकार के कारण इसका निदान मॅमोग्राफ से करना कठिन होता है।

पॅथोलॉजी के डॉक्टर आपके विभिन्न परीक्षण करके आपका इलाज करने वाले डॉक्टर को आपके लिये सर्वोत्तम प्रकार की चिकित्सा का चुनाव करने में मदद करते हैं। वे इस बात की जाँच करते हैं कि कोशों में एस्ट्रोजेन जैसे हार्मोन के लिये रिसेप्टर्स (प्रोटीन), या एचईआर2 (HER2) प्रकार के प्रोटीन हैं या नहीं।

जिस स्तन कैन्सर में रिसेप्टर्स नहीं होते उसे ट्रिपल निगेटिव ब्रेस्ट कैन्सर कहा जाता है।

असामान्य प्रकार के स्तन कैन्सर

सूजन–युक्त स्तन कैन्सर

इस प्रकार में कैन्सर के कोश बढ़ कर त्वचा में लसिका वाहीनियों को अवरुद्ध करते हैं, जिससे स्तन में सूजन आ जाती है और वह फूल जाता है।

स्तन कैन्सर की पेजेट्स की बीमारी

इस प्रकार में स्तनाग्र के आसपास लाल रंग के चकत्ते से पड़ जाते हैं। इससे पीड़ित महिला को डीसीआईएस (DCIS) या आक्रामक स्तन कैन्सर हो सकता है।